अमर उजाला
26-12-2025

छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के विद्यार्थियों ने पंचकूला के सेक्टर-5 में आयोजित स्वदेशी महोत्सव 2025 में उत्साहपूर्वक भाग लेकर शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण किया। यह भ्रमण कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के कुशल मार्गदर्शन में एनएसएस यूनिट एवं रसायन विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को स्वदेशी भारत, आत्मनिर्भर भारत अभियान, देसी उत्पादों, लघु व कुटीर उद्योगों तथा नवाचार आधारित योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त हुई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा आत्मनिर्भरता व स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग राष्ट्रीय गौरव की भावना को दर्शाता है। संवाद